हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

23 सितंबर 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा, आगामी कुछ वर्षों में बहुपक्षीय कर वार्ताओं में लिए गए निर्णय एक पीढ़ी के लिए सीमा पार कराधान को आकार देंगे।

2. निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची में संशोधन सहित सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में नवप्रवर्तक किसान मेले को संबोधित किया - प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमर शहीद राव तुलाराम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

5. हांसी में राव तुलाराम चौक एवं अमर शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

---

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि आगामी कुछ वर्षों में बहुपक्षीय कर वार्ताओं में लिए गए निर्णय एक पीढ़ी के लिए सीमा पार कराधान को आकार देंगे। नई दिल्ली में आज ब्रिक्स कर प्रमुखों की बैठक के उद्घाटन सत्र में वित्त मंत्री ने यह बात कही। उन्होंतने वैश्विक करदाताओं से ब्रिक्स की मजबूत भूमिका का आह्वान किया। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि इन वार्ताओं को निष्पक्ष और स्थायी बनाने के लिए उनका दृष्टिकोण आवश्यक है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि कर प्रशासन कागजी डेटा-आधारित और डिजिटल माध्यमों से संचालित प्रणालियों की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने इस वर्ष ब्रिक्स कर सत्र से उभरने वाले तीन व्यापक क्षेत्रों प्रौद्योगिकी, प्रशासन और लोगों की पहचान के बारे में जानकारी दी।

*इस साल ब्रिक्स के टैक्स ट्रैक में विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, डेटा का इस्तेमाल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्या न दिया गया है जिससे टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन को ज़्यादा सटीक और आसान बनाया जा सके और यह लोगों के मनमाने फ़ैसलों पर कम निर्भर रहे। प्रशासन,*

*गवर्नेंस का ढांचा, साझा मानक और व्यावहारिक टूल्स-ये सब मिलकर सहयोग को एक मज़बूत संस्थागत रूप प्रदान करते हैं।*

श्रीमती सीतारामन ने कहा कि बैठक में दो नए कार्य समूहों – अंतर्राष्ट्रीय कराधान और हस्तांतरण मूल्य निर्धारण तथा राजस्व सांख्यिकी के लिए प्रारंभिक दस्तावेजों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची में संशोधन सहित सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग के अनुसार उसने हाल के महीनों में देश भर में कई फैसले लिए हैं, लगभग 40 नई पहल की हैं और विशेष गहन पुनरीक्षण सहित कई चुनावी सुधार किए हैं। आयोग ने कहा कि किसी भी संस्थान में विचारों और टिप्पणियों में अंतर विचार-विमर्श का एक सामान्य हिस्सा है, और यह अंतिम निर्णय लेने से पहले की प्रक्रिया का ही भाग होता है।आयोग ने कहा कि उसका हर अधिकारी चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए अपने सुझाव देने के लिए पूरी तरह से अधिकृत है

आयोग ने बताया है कि आयोग द्वारा जारी सभी आधिकारिक आदेश, निर्णय और प्रशासनिक निर्देश कानूनी रूप से पूरी तरह मान्य हैं और स्थापित वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं और उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि 'ईसीआई-नेट', अनधिकृत छेड़छाड़ और हेरफेर को रोकने के लिए सख्त डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत काम करते हैं। आयोग ने कहा है कि वह ईमानदारी के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान की लागत घटे, मेहनत कम हो और फसल का लाभ बढ़े, वही तकनीक उसके लिए वास्तविक नवप्रवर्तन है।मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र के लाडवा में भारतीय उद्योग संघ -सी.आई.आई. के पांचवें नवप्रवर्तक किसान मेले के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसान के लिए वही तकनीक उपयोगी है, जो उसकी पहुंच में हो, आसानी से इस्तेमाल हो सके और जिसकी मरम्मत भी गांव के आसपास हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटा किसान हर महंगी मशीन अकेले नहीं खरीद सकता। इसलिए किसान समूहों, सहकारी समितियों और किराये पर मशीन उपलब्ध कराने वाले केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने और कृषि को तकनीक से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए पोर्टल पर लगभग 2 लाख किसानों ने 3 लाख एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। इनमें से 44 हजार एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए 23 हजार 930 किसानों का सत्यापन किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाई गई कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन भी किया। इसके साथ ही प्रगतिशील किसानों से भी बातचीत की।

इस अवसर पर कृषि मंत्री मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि क्षेत्र में पेस्टिसाइड के अत्यधिक प्रयोग पर चिंता जाहिर की और कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं अमर शहीद राव तुलाराम को उनके शहीदी दिवस पर नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राव तुलाराम जी ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष में अदम्य साहस, वीरता और देशभक्ति का परिचय दिया। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हांसी में आज शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर नवनिर्मित राव तुलाराम चौक एवं अमर शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया।इस समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुई। जबकि हांसी से विधायक विनोद भयाना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह समेत अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 23 सितंबर का दिन शहीदों को नमन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि शहीदों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

---------------------------------------------------------------------------------------------

अंबाला शहर के ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेले का आज रात भव्य शोभायात्रा के साथ समापन होगा।तीन दिन तक चले इस प्रसिद्ध मेले के अंतिम दिन पुरानी अनाज मंडी से भगवान वामन की शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए देर रात नौरंग राय तालाब पहुंचेगी। यहां भगवान वामन के हंडोलों के साथ तालाब की परिक्रमा की जाएगी।

----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से संयम बनाए रखने और खरीद प्रक्रिया में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

आज करनाल में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुछ मंडियों में धान की आवक शुरू हो गई है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों द्वारा दर्ज की गई फसल का सत्यापन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसानों की फसल का सैटेलाइट के माध्यम से सत्यापन हो चुका है, जबकि शेष मामलों का सत्यापन खुद जा कर किया जा रहा है। इसके लिए उपायुक्त, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद औसत उत्पादन के आधार पर धान खरीद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि इस बार मंडियों में जियो फेंसिंग की व्यवस्था की गई है। मंडी में प्रवेश के बाद ही गेट पास जारी होगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

----------------------------------------------------------------------------------------------